**बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड**
(बिहार सरकार का उपक्रम)
**CIN - U40102BR2012SGC018889**
निबंधित कार्यालय: चतुर्थ तल, विद्युत भवन, बेली रोड, पटना-800021
(Human Resource and Administration Department)

**सूचना संख्या– 02 /2021**

# बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड में परामर्शी–सह–तकनीकी विशेषज्ञ (Consultant – Cum- Technical Expert)के रुप में सूचीबद्ध (Empanelment) होने हेतु अभ्यावेदन आमंत्रण हेतु सूचना

बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के अन्तर्गत परिचालन एवं अनुरक्षण तथा परियोजना कार्यो एवं असैनिक कार्यो के गुणवत्ता नियंत्रण, प्रभावी अनुश्रवण एवं सतत् पर्यवेक्षण के लिए परामर्शी–सह–तकनीकी विशेषज्ञ (Consultant – Cum- Technical Expert) के रुप में सूचीबद्ध (Empanelment) होने हेतु विहित प्रपत्र में अभ्यावेदन आमंत्रित किया जाता है:–

1. अहर्ता:–

- परामर्शी–सह–तकनीकी विशेषज्ञ (विद्युत क्षेत्र)
    - i. विद्युत प्रक्षेत्र में कम से कम 20 वर्ष का कार्यानुभव होना चाहिए।
    - ii. न्यूनतम मुख्य अभियंता अथवा समकक्ष के पद पर सेवानिवृत हुए हों।
    - iii. बिहार राज्य में कार्य का अनुभव रखने वालों को प्राथमिकता दी जाएगी।
    - iv. बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी एवं इसकी अनुषंगी कंपनी/पावर ग्रिड (PGCIL)/राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (NTPC)/ अन्य राज्य की विद्युत कंपनियॉ/ केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (CEA)/ ईस्टर्न रीजनल लोड डिस्पैच सेन्टर (ERLDC)/ नेशनल लोड डिस्पैच सेन्टर (NLDC)/विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार, पावर सिस्टम ऑपरेशन संस्थानों के साथ कार्य/ समन्वय का पूर्वानुभव प्राप्त को प्राथमिकता दी जाएगी।

- परामर्शी–सह–तकनीकी विशेषज्ञ (असैनिक क्षेत्र)

    i. भवन निर्माण/ सड़क– पुल निर्माण/ ऊर्जा प्रक्षेत्र के असैनिक कार्यो से संबंधित कम से कम 20 वर्ष का कार्यानुभव होना चाहिए।
    ii. न्यूनतम मुख्य अभियंता अथवा समकक्ष के पद पर सेवानिवृत हुए हों।
    iii. बिहार राज्य में कार्य करने वालों को प्राथमिकता दी जाएगी।
    iv. संचरण (ऊर्जा) प्रक्षेत्र में असैनिक कार्य करने वालों को प्राथमिकता दी जाएगी।

3. मानदेयः– मानदेय के रुप में प्रतिकार्य दिवस रु0 7,500/–(सात हजार पॉच सौ रुपया) एकमुश्त भुगतान किया जाएगा। एक माह में अधिकतम एकमुश्त रु0 1,50,000.00 (एक लाख पचास हजार रुपये) मानदेय देय होगा।

4. यात्रा भत्ताः– यात्रा एवं अन्य सुविधाएँ कंपनी में पदस्थापित मुख्य अभियंता के अनुरुप होगा।

5. अन्य शर्त्तेः–

    i. शारीरिक एवं मानसिक रुप से पूर्णतः स्वस्थ होना चाहिए।
    ii. सेवाकाल में कभी भी उनके उपर वित्तीय अनियमितता/ गंभीर कदाचार के लिए कोई बृहत दंड नहीं दिया गया हो, वर्त्तमान में उनके विरुद्ध कोई न्यायिक कार्रवाई/ विभागीय कार्यवाही लम्बित नहीं हो तथा उसकी सत्यनिष्ठा असंदिग्ध होनी चाहिए।
    iii. यह पैनल आरंभ में 06 (छः) माह के लिए होगा तथा आवश्यकतानुसार अगले 06 (छः) माह तक के लिए इसे विस्तारित किया जा सकेगा।
    iv. पैनल का कार्यकलाप असंतोषजनक पाए जाने पर, बिना किसी सूचना के पैनल रद्द की जा सकती है अथवा पैनल में से किसी परामर्शी–सह–तकनीकी विशेषज्ञ को भी असूचीबद्ध किया जा सकता है।

v. पैनल की समाप्ति के पूर्व भी उभय पक्ष के द्वारा एक माह की पूर्व सूचना पर पैनल समाप्त किया जा सकता है अथवा पैनल में से किसी परामर्शी–सह–तकनीकी विशेषज्ञ को भी असूचीबद्ध किया जा सकता है।

7. कर्तव्य एवं दायित्वः–

i. बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के अन्तर्गत अनुरक्षण एवं परिचालन कार्यों में तकनीकी परामर्श।

ii. बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के अन्तर्गत कार्यान्वित परियोजनाओं के योजना, कार्यान्वयन एवं अनुश्रवण में तकनीकी परामर्श।

iii. ऊर्जा प्रक्षेत्र के विभिन्न संस्थानों यथा विद्युत कंपनियों, पावर ग्रिड (PGCIL), राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (NTPC), केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (CEA), केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (CERC), बिहार विद्युत विनियामक आयोग (BERC), ईस्टर्न रीजनल लोड डिस्पैच सेन्टर (ERLDC), नेशनल लोड डिस्पैच सेन्टर (NLDC), विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार, ऊर्जा विभाग, बिहार सरकार, पावर सिस्टम ऑपरेशन संस्थानों एवं अन्य संबंधित संस्थानों / विभागों के साथ समन्वय कार्य।

iv. प्रबंधन द्वारा समय–समय पर दिए गए अन्य कार्यों का निष्पादन।

8. चयन की प्रक्रियाः– **वॉक-इन-इंटरव्यू**

9. साक्षात्कार की तिथिः– 15.04.2021 समयः– 2:30 बजे अपराह्न से

10. साक्षात्कार का स्थानः– महाप्रबंधक (मा0सं0 / प्रशासन),
बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना,
चतुर्थ तल, विद्युत भवन, द्वितीय भवन, बेली रोड, पटना– 800001

11. आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित कागजात समर्पित करना होगाः–

i. असैनिक शल्य चिकित्सक / बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड, पटना एवं इसके अनुषंगी कंपनियों के चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत स्वास्थ्य प्रमाण पत्र।

ii. इस आशय का शपथ पत्र जिसमें यह उल्लेखित हो कि आवेदक के विरुद्ध कोई भी विभागीय कार्यवाही लंबित नहीं है ना ही कोई मुकदमा न्यायालय में लंबित है अथवा कोई गंभीर आरोप दर्ज नही है।

iii. अहर्ता से संबंधित अभिलेख।

12. इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार दिनांक 15.04.2021 1:30 अपराह्न तक विहित प्रपत्र में आवेदन निम्न पते पर सभी आवश्यक कागजात के साथ समर्पित कर सकते हैंः–

महाप्रबंधक (मा0सं0 / प्रशासन),
बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना,
चतुर्थ तल, विद्युत भवन, द्वितीय भवन, बेली रोड, पटना– 800001

(आर0 एन0 लाल)
महाप्रबंधक (मा0सं0 / प्र0)

**बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड**
(बिहार सरकार का उपक्रम)
**CIN - U40102BR2012SGC018889**
निबंधित कार्यालयः चतुर्थ तल, विद्युत भवन, बेली रोड, पटना-800021
(Human Resource and Administration Department)

**सूचना संख्याः– 02/2021**

# बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड में परामर्शी–सह–तकनीकी विशेषज्ञ (Consultant–Cum-Technical Expert)के रुप में सूचीबद्ध (Empanelment) होने हेतु आवेदन पत्र

1. आवेदित पैनलः– परामर्शी–सह–तकनीकी विशेषज्ञ (विद्युत क्षेत्र)/(असैनिक क्षेत्र)

| |
|---|
| स्वहस्ताक्षरित<br>नवीनतम<br>रंगीन<br>छायाचित्र |

2. पदाधिकारी का नामः–
3. जन्म तिथिः–
4. अंतिम नियोजन के समय धारित पदः–
5. अंतिम नियोजन / सेवानिवृति की तिथिः–
6. अंतिम नियोजन के समय धारित विभाग का विवरणः–
7. क्या वार्धक्य सेवानिवृत हुए हैं अथवा ऐच्छिक सेवानिवृतिः–
8. क्या सेवाकाल में किसी तरह का दंड अधिरोपित किया गया थाः–
9. यदि हॉ, तो उसका विवरणः–
10. क्या आवेदक के विरुद्ध कोई विभागीय कार्यवाही लंबित है या किसी मुकदमा न्यायालय में लंबित है अथवा कोई गंभीर आरोप दर्ज हैः–
11. यदि हॉ, तो उसका विवरणः–
12. पत्राचार का पताः–
13. स्थाई पताः–
14. दूरभाष संख्या/ मोबाईल संख्याः–

15. ई मेलः–

16. कार्यानुभव का विवरणः–

| क्र0सं0 | संस्थान का नाम | कब से | कब तक | कार्य की प्रकृति | अन्य अभियुक्ति, यदि कोई हो तो |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

मैं प्रमाणित करता हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपर्युक्त सभी जानकारी सत्य है तथा मैं पैनल की अहर्ता रखता हूँ।

स्थानः–

दिनांकः–

(आवेदक का नाम एवं हस्ताक्षर)

अनुलग्नकः–